तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
कोल उत्पादन ही नहीं उपभोक्ताओं को आपूर्ति सुनिश्चित करना उद्देश्य : दुहन



## खबर संक्षेप

### उद्यमिता जागरूकता शिविर आज कटघोरा में

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं भावी उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन सांस्कृतिक भवन, पुराना नगर पालिका के सामने कटघोरा में 17 फरवरी दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है। शिविर में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदानित ऋण हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा ऋण प्रक्रिया, पात्रता शर्तों एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने संबंधी जानकारी दी जाएगी। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने जिले के इच्छुक युवा-युवतियों एवं उद्यमियों से निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### मतदाता सूची प्रकाशित दावा-आपत्ति 23 तक

**कोरबा।** रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भू-विस्थापित श्रमिक सहकारी समिति मर्यादित चारपारा, कोहड़िया एचके चौहान द्वारा सोसायटी के सदस्यों का मतदाता सूची का प्रकाशन 16 फरवरी को किया जाकर दावा-आपत्ति 23 फरवरी तक आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति लिखित में मय प्रमाण के श्री सहेलु राम प्रबंधक, सदस्य के पास 23 फरवरी तक कार्यालयीन समय पर सोसायटी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। दावा-आपत्तियों का निराकरण सोसायटी कार्यालय में 24 फरवरी को अपरांह 1 बजे से किया जाएगा तथा इस प्रकार उपांतरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

### राजीव गांधी ऑडिटोरियम में श्रमिक सम्मेलन कल

**कोरबा।** श्रम विभाग द्वारा जिले के श्रमिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 18 फरवरी (बुधवार) को प्रातः 11 बजे से राजीव गांधी ऑडिटोरियम टीपी नगर में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित श्रमिक हितैषी योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएँ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुँचाने हेतु आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा डॉ. पवन कुमार सिंह तथा सभापति नूतन सिंह ठाकुर होंगे। सम्मेलन के दौरान श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रदान करेंगे।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु प्रशिक्षण 20 को

**कोरबा।** आरजीआई पोर्टल से आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु 20 फरवरी को जनपद पंचायत कटघोरा के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर, कटईनार, विकासखंड कटघोरा अंतर्गत समस्त प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र, एसईसीएल-एनसीएच दीपका गेवरा परियोजना, बांकी सुराकछार, विकास नगर डिस्पेंसरी कुसमुण्डा एरिया, सीएसईबी-(एचटीपीएस) के लिए प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।

# जिले में महिला थाने की मिलेगी सौगात, महिला संबंधी अपराधों की जांच में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में जल्द ही महिला थाना की सौगात मिल सकती है इसके लिए गजट में मंजूरी दे दी गई है और अभी आगे की प्रक्रिया चल रही है। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जल्दी ही महिला थाना खुल सकता है। निश्चित तौर पर महिला थाना के खुलने से महिला संबंधी अपराधों के जांच में तेजी आएगी।

जिले में महिला संबंधी अपराध घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना के मामले में सीधे कार्रवाई नहीं होती, क्योंकि यहां महिला थाना नहीं है। मौजूदा स्थिति में महिला संबंधी अपराधों के लिए महिला सेल भेजा जाता है जहां दोनों पक्षों को बुलाकर मामले में समझाइश दी जाती है लेकिन वहीं दूसरी ओर जिले में जल्द ही महिला थाना की सौगात मिल सकती है। इसके लिए शासन ने मंजूरी दे दी है और गजट नोटिफिकेशन के बाद महिला थाना खोला जाएगा। शुरुआत में जहां महिला सेल संचालित है, उसी भवन में महिला थाना का संचालन शुरु हो जाएगा और महिला थाना के खुलने से महिला संबंधी अपराधों की जांच में तेजी आएगी और महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निदान भी हो सकेगा। मौजूदा स्थिति में महिला निरीक्षक भावना खंडारे महिला सेल की प्रभारी हैं, जिनके नेतृत्व में महिला पुलिस कर्मियों की टीम महिला संबंधी अपराध में बयान व जांच के लिए पहुंचती है। वहीं महिला सुरक्षा के संबंध में शिविर लगाकर जागरूक करने के साथ ही प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिले में महिला संबंधित बढ़ते अपराधों के मद्देनजर महिला थाना की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। हालांकि जिले के थाना क्षेत्रों में महिला हेल्प डेस्क भी बनाए गए थे ताकि महिलाओं के द्वारा की जाने वाली शिकायतों की जांच पड़ताल और बयान की कार्यवाही अलग से की जा सके।

### गजट नोटिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू

**खास बातें**

- थाना खुलने के बाद सीधे थाने में दर्ज होगी एफआईआर
- लंबे समय से महसूस की जा रही थी महिला थाना की आवश्यकता




## 4 हजार छात्र देंगे परीक्षा, सभी केंद्र सीसीटीवी कैमरे से लैस

# आज से 10वीं के पेपर के साथ शुरु होंगी सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं 10वीं के प्रश्न पत्र के साथ मंगलवार से शुरु होने जा रही हैं। जिसके लिए

**खास बात**

- जिले में बनाए गए 8 परीक्षा केन्द्र, जिसमें शामिल होंगे 4 हजार 88 से अधिक परीक्षार्थी



फाइल फोटो

शहर में ही 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 4 हजार 88 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नकल रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पिछले वर्ष से सीबीएसई बोर्ड ने यह व्यवस्था की है।

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर बीते लंबे समय से नए परीक्षा केंद्र बनाए जाने को लेकर लगातार उठ रही मांगों के बाद भी नए परीक्षा केंद्र नहीं बनाए गए हैं। पुराने 8 परीक्षा केंद्रों में ही फिर से परीक्षाएं ली जा रही हैं। 10वीं के प्रश्न पत्र के साथ मंगलवार से परीक्षा शुरु होगी। जिले में जो 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं उसमें बालको डीपीएस, एनटीपीसी डीपीएस, डीएवी कोरबा, डीएवी गेवरा, केंद्रीय विद्यालय कुसमुण्डा, केंद्रीय विद्यालय गोपालपुर एवं सेंट जेवियर्स स्कूल शामिल हैं। इन परीक्षा केंद्रों में परीक्षाओं को लेकर सभी तरह की व्यवस्था की गई है। जिले में सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों की संख्या बीते वर्ष की तुलना में बढ़ चुकी है। उसकी तुलना में परीक्षा केंद्रों की संख्या में इजाफा नहीं हुआ है। जबकि जिले के पाली, पोड़ी उपरोड़ा जैसे जिला मुख्यालय से 50-60 किलोमीटर दूर क्षेत्रों में भी सीबीएसई बोर्ड के स्कूल चल रहे हैं और वहां के छात्रों को बालको और गेवरा के सीबीएसई स्कूलों को परीक्षा केंद्र आबंटित किया गया है। सुबह 8 बजे से शुरु होने वाली परीक्षा में शामिल होने के लिए पाली और पोड़ी उपरोड़ा के छात्रों को सुबह 6 बजे घर से निकलना पड़ेगा। कुछ अभिभावकों ने शहर में रहने वाले अपने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां रुकने की व्यवस्था की है।

### 12वीं की परीक्षा कल से होगी शुरु

सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा मंगलवार से शुरु होंगी। वहीं 12वीं की परीक्षा बुधवार से शुरु होंगी। दोनों ही परीक्षाओं में 4 हजार 88 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनमें 10वीं की परीक्षा में 2174 परीक्षार्थी तथा 12वीं की परीक्षा में 1914 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं को लेकर सीबीएसई बोर्ड ने सभी परीक्षा केंद्रों के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन निर्देशों के अनुरुप ही परीक्षाओं का संचालन होगा। 8 परीक्षा केंद्रों में 37 स्कूल के परीक्षार्थी शामिल होंगे जिसमें 31 निजी स्कूल शामिल हैं।

# सीजी बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीय परीक्षा सामग्रियों का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 20 फरवरी से ली जा रही है जिनके लिए गोपानीय सामग्रियों के वितरण का काम समन्वय केंद्र साडा

**खास बातें**

- पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के लिए सबसे पहले भेजी गई सामग्री
- परीक्षा केन्द्रों के समीप के थानों में कराई गई जमा

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से किया गया। जहां परीक्षा सामग्री लेने के लिए सुबह 10 बजे से दूरदराज के परीक्षा केंद्रों से आए केंद्राध्यक्ष पहुंच चुके थे। जो शाम 4 बजे तक वितरण का कार्य चलता रहा। सबसे पहले पोड़ी उपरोड़ा व पाली ब्लॉक के परीक्षा केंद्रों के लिए सामग्रियों का वितरण किया गया।

जिले में हाई एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरु हो रही हैं। जिनके लिए गोपनीय परीक्षा सामग्री वितरण का काम जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सबसे पहले पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के परीक्षा केंद्रों के लिए परीक्षा सामग्री तगड़ी सुरक्षा के बीच रवाना की गई। इन दोनों विकासखंड में परीक्षा केंद्रों की संख्या सर्वाधिक है। बक्साही, लैंगा, पसान, चेपारानी, सिल्ली, कुम्हारीसानी, कोरबी चोटिया जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में परीक्षा केंद्र बनाए जाने की वजह से इन केंद्रों के लिए गोपनीय सामग्री सबसे पहले रवाना करने का काम किया गया। सशस्त्र बल के साथ रवाना की गई गोपनीय सामग्रियों को परीक्षा केंद्रों के समीप के थानों में जमा कराने का काम शाम तक पूरा कर लिया गया था। दूरस्थ क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों के बाद शहर व उपनगरीय क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के लिए सामग्रियों के वितरण का काम किया गया। इन केंद्रों के लिए भेजी गई परीक्षा सामग्रियों को सिविल लाइन थाने के अलावा कोतवाली थाना, बालको, दर्री, कटघोरा, उरगा, करतला थाना में जमा कराने का काम किया गया।




सिविल लाइन थाना में सामग्रियों को जमा कराते केंद्राध्यक्ष।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचा था युवक, भाई ने की पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक अपने प्रेमिका से मिलने उसके गांव गया हुआ था, जब युवती के भाई को इसकी भनक लगी तो उसने अपनी बहन के प्रेमी के उपर पेट्रोल छिड़कर कर आग के हवाले कर दिया। गंभीर रुप से झुलसे युवक को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस ने युवक का बयान कलमबद्ध कर लिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरगा निवासी विशु सारथी उम्र 21 साल पिता तीजराम सारथी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि विशु सारथी की प्रेमिका के द्वारा फोन कर कटौद मिलने बुलायी थी। विशु सारथी अपनी प्रेमिका से मिलने कटौद गया हुआ था। इस दौरान जब युवती के भाई को इसकी जानकारी हुई तो उसने रास्ते में ही विशु सारथी को रोक लिया और दोनों में विवाद होने लगा। जिसके बाद युवती के भाई ने विशु सारथी के उपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया और वहां से भाग गया लेकिन विशु सारथी ने हिम्मत दिखाते हुए पास के तालाब में कूदकर अपनी जान बचा ली। आसपास मौजूद लोगों की मदद से विशु को तालाब से बाहर निकाला गया और तत्काल जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। विशु की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।



अस्पताल में दाखिल युवक।

# बकायादारों पर निगम की कार्रवाई, प्रॉपटी की गई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाता द्वारा न पटाये जाने पर निगम आयुक्त के निर्देश पर सोमवार को निगम की टीम ने

**खास बात**

- कर जमा नहीं करने वालों की संपत्तियों को कुर्की करन की तैयारी

बकायादार की सम्पत्ति को सील कर दिया, यह कार्यवाही वार्ड क्र. 14 में निगम के बड़े बकायादार पर की गई। वहीं बुधवार को बुधवारी व रविशंकर नगर में 5 दुकानों को किराया जमा न करने पर एवं रविशंकर नगर में एक अन्य सम्पत्तिकर के बडे. बकायादार की सम्पत्तियों को सील कर दिया गया था, कर न जमा करने वाले बकायादारों पर अब सख्त कार्यवाही कर रहा है। शीघ्र बकाया करों की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो सम्पत्तियों की सीलबंदी व उन्हें कुर्क करने की कार्यवाही भी निगम द्वारा की जाएगी।

निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि सहित विभिन्न करों की एक बड़ी बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त की जानी है, निगम द्वारा बकायादारों को बार-बार नोटिस व वारंट आदि जारी कर बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में किए जाने हेतु कहा जा रहा है, किन्तु बकायादारों द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण एक ओर जहाँ निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की बेहतरी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभावित हैं। निगम के राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही प्रारंभ ⏭ शेष पेज 3 पर



### सीएण्ड डी वेस्ट पर लगाया गया 10 हजार का अर्थदण्ड

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय टीपी नगर क्षेत्र के भ्रमण निकले हुए थे। इस दौरान उन्होंने पाया गया कि डीडीएम रोड टीपीनगर में सार्वजनिक सड़क एवं नाली में कृष्णकुमार अग्रवाल द्वारा भवन निर्माण व मरम्मत के उपयोग आने वाली गिट्टी, ईंट, मलवा व रेत डाल दिया गया था, जिससे सड़क पर आवागमन व नाली में पानी का बहाव बाधित हो रहा था, सफाई कार्य भी प्रभावित हो रहा था, इस पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित पर अर्थदण्ड आरोपित करने व मलवा उठवाये जाने के निर्देश दिये, जिस पर कार्यवाही करते हुए निगम अमले ने संबंधित पर 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया है तथा उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे अर्थदण्ड की राशि निगम कोष में जमा करायें।

## सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आज करेंगे गेट जाम

# मांगों को लेकर पांच दिनों से मुख्यालय के मुख्यद्वार पर डाले हैं डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

एसईसीएल कोरबा एवं कुसमुंडा क्षेत्र के भूविस्थापित अर्जित भूमि के एवज में रोजगार की मांग पिछले कई वर्षों से क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं मुख्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। जिनका निराकरण आज तक नहीं किया गया है, भूविस्थापितों के द्वारा हाईकोर्ट में रिट पिटीशन दायर किया गया था। हाईकोर्ट ने 45 दिन के भीतर रोजगार देने को कहा था। पारित आदेश के संबंध में एसईसीएल के द्वारा डिविजनल बेंच में अपील प्रस्तुत की गई। जहां अपील ख़ारिज हो गई। इसके बाद न्यायालय के आदेश का पालन करने के बजाय कंपनी के द्वारा भूविस्थापितों को रोजगार देने के नाम पर केवल झूठा आश्वासन देकर गुमराह किया जा रहा है। कई बार आंदोलन के बाद 29 जनवरी को लिखित आश्वासन दिया गया था कि 10 फरवरी तक निर्णय लेकर अवगत कराया जाएगा। जब भूविस्थापित मुख्यालय जाकर 11 फरवरी के निर्णय के संबंध में जानकारी ली गई तो उन्हें गोलमोल जवाब दिया गया। जिससे नाराज भूविस्थापितों ने कार्यालय के मुख्यद्वार सामने डेरा डाले हुए हैं। पिछले पांच दिनों से रोजगार के संबंध में सकारात्मक निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। सोमवार की दोपहर 1 बजे अधिकारियों के साथ मांगों को संबंध में चर्चा हुई। जिसमें भूराजस्व विभाग के महाप्रबंधक श्री लाल, प्रमुख सुरक्षा अधिकारी श्री मूर्ति एवं क्षेत्रीय थाना प्रभारी उपस्थित रहे। मांगों पर चर्चा उपरांत निर्णय नहीं आने पर डायरेक्टर योजना परियोजना के साथ 5 बजे बैठक रखी गई है। भूविस्थापितों ने कहा कि बैठक में सकारात्मक निर्णय नहीं आने पर पुनः आंदोलन किया जाएगा।




प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

### आज करेंगे गेट जाम

भूविस्थापित लगातार गुमराह होने से त्रस्त होकर उग्र आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। सोमवार को आयोजित बैठक में सकारात्मक निर्णय नहीं आने पर 17 फरवरी को एसईसीएल मुख्यालय के दोनों गेट जाम करेंगे। गेट जाम हड़ताल की सूचना मुख्यालय को दी जा चुकी है।

# छेड़छाड़ के आरोपी को दो साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपर सत्र न्यायाधीश फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट सीमा प्रताप चन्द्रा द्वारा छेड़छाड़ के एक मामले में 57 वर्षीय अभियुक्त सुरेंद्र कुमार केशरिया को दोषी पाते हुए 2 वर्ष सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अति लोक अभियोजक मोहन सोनी ने बताया कि पीड़ीता घर के पास स्थित बाड़ी में अपने घर की साफ सफाई के बाद निकला कचरा फेंकने गई थी, जहां नग्न हालत में मौजूद आरोपी सुरेंद्र केशरिया ने सूनेपन व अकेलेपन का फायदा उठाते हुए पहले तो पीड़ति को पीछे से पकड़ लिया और पीड़ीता के दोनों हाथ पकड़कर अश्लील बात, बलात्कार करूँगा कहने लगा। पीड़ीता किसी तरह अपने आप को छुड़ाकर घर पहुंची और अपने पति को घटना के बारे में बताई। महिला की शिकायत पर उरगा पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र केशरिया के खिलाफ धारा 74, 75(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और विवेचना पूर्ण कर फ़ास्ट ट्रक कोर्ट में प्रस्तुत किया। जहाँ अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक मोहन सोनी ने ठोस दलीले देकर अपना पक्ष रखा जिस पर माननीय अपर सत्र न्यायाधीश सीमा प्रताप चंद्रा द्वारा आरोपी को दोषी करार देते हुए 2 वर्ष सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए से दंडित किया।




फोटो : प्रकाश परिहार

तिफरा औद्योगिक क्षेत्र में हुई घटना | केमिकल फैलने से अनियंत्रित हुई स्थिति | धुंए के गुबार से छाया अंधेरा | फोम डालकर 5 घण्टे बाद आग पर काबू पाया

# पेंट फैक्ट्री में भीषण आग, मजदूरों ने भागकर बचाई जान






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा औद्योगिक क्षेत्र के पुट्टी, पेंट की फैक्ट्री में भीषण आग लगने से अंदर में काम कर रही महिला सहित तीन मजदूर फंस गए, तीनों ने भागकर जान बचाई। गोदाम में पेंट व केमिकल रखे होने से आग तेजी से फैली और तीन गोदामों को चपेट में ले लिया। तीनों गोदाम धू धूकर जलते रहे। धुंए के साथ आग की लपटें बाहर निकले से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। एसडीआरएफ की टीम ने फोम डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, 5 घण्टे बाद कई दमकल पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग लगने से फैक्टी में हुए नुकसान का आंकलन नहीं हो पाया है।

घटना तिफरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित नरेश सुल्तानिया के अनव पुट्टी पेंट फैक्ट्री की है। यहां काम करने वाली रेखा




विश्वकर्मा ने बताया, 16 जनवरी की दोपहर 1 बजे दो अन्य मजदूरों के साथ फैक्ट्री के अंदर पेरिस बनाने काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक आग की लपट उनकी ओर आई। जिससे वे अन्य दो मजदूरों के साथ भागते हुए बाहर निकलीं। गोदाम में भारी मात्रा में केमिकल व पेंट रखे होने से तेजी से आग फैली और अंदर तीनों गोदामों को चपेट में ले लिया। तीनों गोदामों से धुंए के गुबार के साथ आग की लपटें बाहर निकलने लगीं। सूचना मिलते ही फैक्ट्री संचालक व उनके परिचित मौके पर पहुंच गए। एसडीआरएफ की टीम भी दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई और पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते दोनों दमकल खाली हो गए और तीनों गोदामों से आग की लपटें निकलती रहीं। उसके बाद 4 दमकलें और बुलाई गईं, इससे अगल बगल के गेट से अंदर प्रवेश कर दोनों ओर से फोम डालकर आग बुझाने में जुट गए। 5 घण्टे बाद शाम 6 बजे कई दमकल पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग लगने से कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन अभी नहीं हो पाया है। शार्टसर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

### दमकल का होता रहा इंतजार

फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलने पर दो दमकल भेजी गई, कुछ ही देर में इनका पानी समाप्त हो गया। दोनों दमकलों को फिर से पानी लेने पंप हाउस भेज दिया गया। इस दौरान करीब आधे घण्टे तक फैक्ट्री में रखा सामान जलता रहा। बाद में 4 दमकल और भेजी गई, तब तक फैक्ट्री का ढेरों सामान जल चुका था।

### सुरक्षा के नहीं थे इंतजाम

इतनी बड़ी फैक्ट्री में भारी मात्रा में केमिकल व पेंट का उपयोग किया जा रहा था। ज्वलनशील पदार्थ रखे होने के बावजूद आग लगने पर सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया था। यही वजह है कि आग लगने पर तेजी से फैली और तीन मजदूरों की जान पर बन आई।

### आसपास है रिहायशी इलाका

तिफरा औद्योगिक क्षेत्र में जिस जगह यह फैक्ट्री है, उसके आसपास रिहायशी इलाका है। कालोनाइजरों ने यहां मकान बनाकर बेच दिया है, अब बार बार फैक्ट्रियों में आग लगने की घटना से आसपास की कालोनियों में रहने वाले दहशत में आ जाते हैं।

### धुंए के गुबार से छाया अंधेरा

भीषण आग से फैक्ट्री के अंदर धुंए का गुबार तेजी से आसमान की ओर निकल रहा था। देखते ही देखते ही पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया। धूंए का गुबार व आग की लपटें शहर में दूर से दिखाई दे रही थीं। फैक्ट्री के सामने लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी।



### तीनों गोदामों में रखा था सामान



झुलसी महिला

फैक्ट्री में पुट्टी व पेंट बनाने का काम किया जाता है। अंदर में तीन गोदाम बनाए गए हैं। जहां भारी मात्रा में पुट्टी की बोरियों की छल्लियां, पेंट एवं केमिकल रखे हुए थे। आग लगते ही केमिकल व पेंट से आग फैल गई और स्थिति अनियंत्रित हो गई।



### रिपोर्ट नहीं लिखाई गई

नरेश सुल्तानिया के पुट्टी, पेंट की फैक्ट्री में आग लगी थी। शाम 6 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। फैक्ट्री संचालक ने आग लगने की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है, जिससे नुकसान का पता नहीं चल पाया है। शार्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है।

- किशोर केंवट सिरगिट्टी टीआई

---

**खबर संक्षेप**

### संविदा पदों पर निकली भर्ती, 28 को अंतिम तिथि

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 28 फरवरी तक तक आनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार एएनएम, फिजियोथेरेपिस्ट, फॉर्मासिस्ट, डेंटल असिस्टेंट, नर्सिंग ऑफिसर, स्टाफ नर्स, एमपीडब्ल्यू, काउंसलर, फीडिंग डेमोनस्ट्रेटर, टीबीएसव्ही, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, ब्लॉक डाटा मैनेजर, सेक्रेटियल असिस्टेंट, एकाउंटेंट, चतुर्थ श्रेणी, क्लीनर, आया बाई, हाउसकीपिंग स्टाफ, अटेंडेंट, कुक जैसे विभिन्न संविदों पदों पर जिले की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### युवक-युवती परिचय सम्मलेन 1 मार्च को

**बिलासपुर।** यादव एकता समिति द्वारा 1 मार्च को यादव समाज का युवक युवती परिचय सम्मलेन आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम स्व. लखीराम आडिटोरियम में होगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें पहले पंजीयन किया जाएगा। शुभारम 11.30 बजे होगा। इसमें 1 पास पोर्ट कलर फोटो के साथ लेकर आए ,परिचय सम्मलेन एवं सगाई आदर्श विवाह के साथ युवक युवती के साथ तलाक़ शुदा,विधवा, विधु, साथ में होली मिलन का कार्यक्रम भी होगा। अध्यक्ष शंकर यादव , शरद यादव, यशोदा यादव, शैलेन्द्र यादव, नंदकिशोर यादव, प्रियंका उत्तम यादव, मनीष यादव, शुभम यादव, सुनील यादव, रेवती यादव आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

# नशेड़ी बेटे ने फावड़ा से पिता पर किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पैसा देने से मना करने पर नशेड़ी बेटे ने पिता पर बेट, पूड़ी मेकर, फावड़ा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, सिर कुचले जाने से पिता की मौके पर मौत हो गई।



मृतक

उसके बाद खून से रंगा फावड़ा हाथ में रखकर युवक घर के सामने गली में घूमता रहा और आसपास के लोगों के घर के दरवाजों को ठोकता रहा। दो आरक्षकों ने जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद से हत्यारे बेटे को पकड़ा।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि दोपहर एक बजे मन्नाडोल के लोगों ने सूचना दी कि मन्नाडोल निवासी नेतराम उर्फ



- खून से रंगा फावड़ा लेकर घूमता रहा
- दो आरक्षकों ने जान जोखिम में डालकर हत्यारे को पकड़ा

नीतू ध्रुव 42 साल नशे में खून से रंगा फावड़ा लेकर गाली गलौज करते हुए घूमकर लोगों के घर के दरवाजे को ठोंक रहा है। श्री केंवट स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां नेतराम उर्फ नीतू हाथ में खून से रंगा फावड़ा लेकर घूमता दिखा। आरक्षक उसके पास गए तो वह उनके साथ गाली गलौज कर हमला करने की कोशिश करने लगा। आरक्षक रजनीश पाण्डेय, मुकेश यादव ने जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद से नेतराम उर्फ नीतू ध्रुव को पकड़ा। उसके बाद भी वह आरक्षकों के साथ झूमाझटकी करता रहा। भारी मशक्कत के बाद उसके हाथ से फावड़ा छीनकर उसके हाथ, पैर को रस्सी से बांधकर काबू पाया गया। उसके बाद पुलिस उसके घर गई तो परछी में उसके पिता मनराखन ध्रुव 65 साल की क्षतविक्षत लाश पड़ी हुई थी और पास में खून से रंगा टूटा हुआ लकड़ी का बेट, पूड़ी मेकर पड़ा हुआ था। इससे पता चला कि उसने अपने पिता की हत्या की है। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

### हमले से लड़की का बेट टूट गया

बताया जाता है आरोपी नेतराम उर्फ नीतू आदतन नशेड़ी है और काम कुछ नहीं करता है। आदि दिन घरवालों से नशा के लिए पैसा मांगकर विवाद करते रहता है। सोमवार को उसके पिता मनराखन ध्रुव घर में अकेले थे। उसकी पत्नी व दो बेटे काम पर चले गए थे। नेतराम उर्फ नीतू ने अपने पिता से पैसा मांगा। नहीं देने पर उसने लकड़ी के बेट से पिता के सिर पर ताबड़तोड़ हमला किया। बेट टूट जाने पर पूड़ी मेकर से हमला किया। उसके बाद फावड़ा से हमला कर सिर को चकनाचूर कर दिया।

### दो पत्नी उसे छोड़कर चली गई

आरोपी के आदतन नशेड़ी होने से उसकी शादीशुदा पत्नी छोड़कर चली गई। उसके बाद उसने एक अन्य महिला से प्रेम विवाह किया। आए दिन नशा व विवाद करने से वह भी उसे छोड़कर चली गई। वह माता पिता छोटे भाईयों के साथ रह रहा था।

### आरोपी गिरफ्तार

नशे में बेटे ने पिता से पैसे की मांग की। नहीं देने पर लकड़ी के बेट, पूड़ी मेकर, फावड़ा से सिर कुचलकर हत्या कर दी है। हत्या का जुर्म दर्ज कर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- किशोर केंवट
सिरगिट्टी टीआई

### मनरेगा बचाओ : कल कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**बिलासपुर।** कांग्रेस द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चलाया जा रहा है। मनरेगा बचाओ संग्राम तहत शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 18 फरवरी को कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। इस घेराव कार्यक्रम को लेकर सोमवार को कांग्रेस भवन में बैठक हुई। कांग्रेस भवन में आज शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा और जिलाध्यक्ष ग्रामीण महेन्द्र गंगोत्री की उपस्थिति में कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के सभी ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, निर्वाचित पार्षद, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम के विषय पर चर्चा हुई और 18 फरवरी को मनरेगा बचाओ संग्राम तहत कलेक्टोरेट का घेराव का निर्णय लिया गया।

# बाघिन और शावक नहीं, बाघ मचा रहा आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर के कोटा वन परिक्षेत्र के अलावा वन विकास निगम के क्षेत्र में बाघिन और शावक का मूवमेंट चेक करने ट्रैप कैमरा लगाया गया था, लेकिन ट्रैप कैमरे में बाघिन और शावक के बजाय बाघ की तस्वीर कैद हो गई। इसके कारण बाघ के मूवमेंट से ग्रामीण क्षेत्र में दहशत बनी हुई है।

कुछ दिनों से यह कहा जा रहा था कि एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल के बजाय ग्रामीण एरिया में विचरण कर रही है। बाघिन व दोनों शावकों की खोजबीन करने के लिए मौके पर ट्रैप कैमरे भी लगाया था। इसमें शावकों और बाघिन की तस्वीर तो दिखाई नहीं दी, लेकिन एक बाघ की तस्वीर कैमरे ने कैद कर ली। इससे बाघिन और शावकों के बजाय अब बाघ के होने की आशंका विभाग के अफसर व्यक्त करने लगे हैं।

### बाघिन भी थी शावकों के साथ

ग्रामीणों के अनुसार बाघिन अपने शावकों के साथ माखुरहा तालाब के पास पानी पीने के लिए चहलकदम करते हुए दिखाई दी थी। इसके बाद लगातार बाघिन और उसके शावकों ने ग्रामीण एरिया में मवेशियों का शिकार भी किया और आसपास के घने जंगल में चली गई। इसके उपरांत शावक और बाघिन को ग्रामीणों ने वन विकास निगम के क्षेत्र पटैता और नेवसा के पास कक्ष क्रमांक 133 में देखा, जहां मवेशी क्षत विक्षप्त हालत में पड़ा हुआ था। वहीं बाघिन के पग मार्क के निशान भी थे।

### कोटा रेंज और वन विकास निगम के क्षेत्र में हैं मूवमेंट



### बाघिन के एटीआर जाने की संभावना

विभागीय अफसरों के अनुसार ग्रामीणों ने बाघिन और शावकों को देखा था, लेकिन अब तक किसी तरह के शावकों के पग मार्क मौके पर नहीं मिले हैं। वहीं जो तस्वीर कैद हुई है वह बाघ के दिखाई दे रहे हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघिन संभवतः अपने दोनों शावको के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में वापस चली गई है।

### फिर लगाए गए पांच कैमरे

वन विकास निगम और बिलासपुर वन मंडल ने कोटा परिक्षेत्र के आसपास बाघ और बाघिन का मूवमेंट चेक करने के लिए एटीआर प्रबंधन से ट्रैप कैमरे की मांग की है। एटीआर प्रबंधन ने पांच ट्रैप कैमरे लगाने का काम कर दिया है।

### कैमरे मे कैद हुआ बाघ

पहले बाघिन और शावकों के मौके पर होने की जानकारी मिली थी। इसके कारण टीम को अलर्ट करने के साथ मुनादी भी कराई गई। यह कार्य अभी भी जारी है। फिलहाल पूर्व में जो कैमरे लगाए गए थे, उसमें बाघिन के बजाय बाघ की तस्वीर कैद हुई है। कैमरे को एटीआर प्रबंधन वापस ले गई है।

- सत्यदेव शर्मा
डीएफओ
वन विकास निगम

### बेटे के सड़क दुर्घटना में मौत से दु:खी माता-पिता ने लगाई फांसी

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम धरदेई में घर के आंगन में लगे पेड़ में दंपति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। एकलौते बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत से दुःखी थे। 4 पन्नों का सुसाइट नोट छोड़ा है घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी बड़ी संख्या में लोग उनके घर देखने पहुंचे थे। शिवरीनारायण पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम धरदेई सोमवार 16 फरवरी की सुबह घर के बाहर लगे पेड़ में फांसी के फंदे से लटका हुआ दंपति कृष्णा पटेल 48 वर्ष,पत्नी रमाबाई पटेल 47 वर्ष का शव मिला है। घटना की जानकारी शिवरीनारायण पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंची और पेड़ से शव को नीचे उतार कर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आशंका है कि वर्ष 2024 में मस्तूरी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना हुई थी जिसमें बेटा आदित्य पटेल 21 वर्ष की मौत हुई थी।

# राशन दुकानों को दिसंबर तक का मार्जिन मनी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में बिलासपुर एकमात्र ऐसा जिला है, जहां राशन दुकान संचालकों को मिलने वाले मार्जिन मनी का भुगतान दिसंबर महीने तक का कर दिया गया है। शेष जिलों में यह राशि अक्टूबर महीने तक के लिए ही जारी की गई है।



मार्जिन मनी का बेसब्री से इंतजार करने वाले राशन दुकान संचालक बिलासपुर जिले में प्रदेश में सबसे अच्छी स्थिति में हैं। यहां प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले मार्जिन मनी के अंतर्गत दुकान संचालकों को दिसंबर तक का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष जिलों में यह भुगतान अक्टूबर महीने तक की स्थिति में ही किया जा सका है। इस संबंध में खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि मार्जिन मनी के अंतर्गत दुकान संचालकों को नवंबर महीने के लिए 22 लाख एवं दिसंबर महीने के लिए भी 22 लाख कुल 44 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। उक्त भुगतान 30 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सरगुजा में 17 हजार छात्र छात्राएं देंगी बोर्ड परीक्षा



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के तहत बोर्ड परीक्षाओं के संचालन हेतु गोपनीय सामग्रियों का वितरण किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच केंद्राअध्यक्ष व सहायक केंद्रा अध्यक्षों को गोपनीय सामग्री प्रदान की गई और पुलिस की कड़ी निगरानी में पतियों को सुरक्षित थाना व चौकी तक पहुंचाया गया है। बता दें की इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं की परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू हो रही है। हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक चलेगी जबकि हाई स्कूल की परीक्षा 21 फरवरी से लेकर 13 मार्च तक चलेगी। परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 तक चलेंगी। परीक्षा के लिए जिले में कुल 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सरगुजा जिले में इस बार हाईस्कूल के 9,731 तथा हायर सेकण्डरी के 8,025 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं इस प्रकार कुल 17,756 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के संचालन हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और नकल प्रकरण के लिए उड़न दस्ता दलों का गठन किया गया है। इस बीच 16 फरवरी को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री का वितरण समन्वय संस्था शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन से डिप्टी कलेक्टर के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा, रवि शंकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में 75 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष-प्राचार्य को गोपनीय सामग्री प्रदान की गई। गोपनीय सामग्री को पेटियों में बंदकर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना किया गया। गोपनीय सामग्री निर्धारित रूट चार्ट-9 के अनुसार 1 से 4 सशस्त्र बल की सुरक्षा में बस के माध्यम से परिवहन कर संबंधित थाना-चौकी पहुंचाई गई जिन्हें अब परीक्षा के दिन ही निकाला जाएगा।

### सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने पार किया जेवर एवं बर्तन

अम्बिकापुर। चोरों ने वसुंधरा विहार एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सूने घरों का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर सहित अन्य कीमती सामानों को पार कर दिया है। चोरी की घटना से कालोनी वासी भयभीत है। इसके पूर्व चोरों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सूने मकानों का ताला तोड़कर चोरी की थी। जानकारी के अनुसार वसुंधरा बिहार कॉलोनी निवासी निशान हैदर किसी काम से 12 फरवरी को परिवार सहित बिलासपुर गए थे तथा 15 फरवरी को सुबह वापस लौटे तो घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा देख हैरान हो गए। भीतर घुसे तो अलमारी खुली थी तथा चोरों ने अलमारी में रखा सोने का हार, दो अंगूठी, झुमके, मांगटीका, चांदी के पाजेब, पीतल का बर्तन सेट एवं महंगे कपड़े पार कर दिए थे। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। चोरों ने 4 दिन पूर्व सरगवां स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित 2 सूने घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### खलिबा में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण नए स्थान पर खोद दिया सीपीटी



**अम्बिकापुर।** शहर से लगे ग्राम खिलबा में ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए है। ग्रामीणों ने इस सम्बन्ध में मुख्य वन संरक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए बीट गार्ड और रेंजर पर पर मनमानी करने और नए स्थान पर सीपीटी गड्ढा खोदकर जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत की है। इधर इस मामले में सीसीएफ ने भी ग्रामीणों की सुनवाई के बाद जांच के निर्देश डीएफओ को दिए है। बता दें की सोमवार को ग्राम खलिबा के ग्रामीण आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी के साथ मुख्य वन संरक्षक कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सीसीएफ को ज्ञापन सौंपने के साथ ही आरोप लगाया कि खलिबा में बीट गार्ड और रेंजर द्वारा पुराने सीपीटी गड्ढे की खुदाई ना कर गांव के कुछ लोगों से मिलीभगत कर लगभग 20 एकड़ जमीन को छोड़कर नई जगह पर सीपीटी गड्ढे खोद दिया गया। ग्रामीणों के आने जाने के निस्तार के रास्ते को बंद कर दिया गया। इस तरह की मनमानी का ग्रामीणों ने पूर्व में विरोध किया था लेकिन रेंजर एवं फॉरेस्ट गार्ड ने उनकी सुनवाई करने के बदले उल्टा ग्रामीणों को ही धमकी दी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बकायादारों पर...

कर दी गई है। इसी कड़ी में वार्ड क्र. 14 डायवर्सन रोड में बकायादार कासिम खान द्वारा सम्पत्तिकर की बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही, जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम के राजस्व अधिकारी की अगुवाई में निगम की टीम ने उनकी सम्पत्ति को सील कर दिया है तथा उन्हें तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं।

# सीएसईबी के डगनियाखार राखड़ बांध की झाड़ियों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के डगनियाखार क्षेत्र में सीएसईबी वेस्ट के राखड़ बांध में दोपहर आग लग गई। जिसकी लपटें 4 किलोमीटर दूर तक देखी गई। उक्त क्षेत्र में सीएसईबी के अलावा एनटीपीसी और बीसीपीपी के राखड़ बांध स्थित हैं। सीएसईबी के बंद राखड़ बांध में पौधरोपण किया गया है। आगजनी की घटना बांध के पौधारोपण वाले क्षेत्र में ही घटित होना बताई जा रही है।

अलग खबर

डगनियाखार क्षेत्र में राखड़ बांध निर्माण के लिए वर्ष 1979 में भूअर्जन का काम किया गया था जिसके मुआवजा का मामला अभी भी लंबित पड़ा हुआ है किंतु संयंत्र की स्थापना के बाद राखड़ बांध का निर्माण करा दिया गया। मुआवजा और विस्थापन के लिए अभी भी डगनिया क्षेत्र के भूविस्थापित अभी भी संघर्ष कर रहे हैं। डगनियाखार में तीन बड़े संयंत्रों के राखड़ बांध का निर्माण किया गया है और समीप ही आसपास के ग्रामीण खेती बाड़ी करते है। सोमवार की दोपहर सीएसईबी के राखड़ बांध में राख कोउड़ने से रोकने के लिए पौधरोपण का कार्य किया गया था। उक्त क्षेत्र में आग लगने की घटना होने के बाद इसकी सूचना आसपास के लोगों ने स्थानीय प्रशासन को दी गई। बताया जाता है कि किसी तरह का प्रयास आग बुझाने की दिशा पर नहीं किया गया। श्रमिक नेता सपुरन कुलदीप ने बताया कि आग इतनी ज्यादा थी कि उसकी लपटें 4 किलोमीटर दूर तक देखी गई। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी विद्युत संयंत्रों के राखड़ बांध का निर्माण किया गया है जहां से राख को हवा में उड़ने से रोकने के लिए पौधरोपण का काम किया गया है।

**4 किलोमीटर दूर तक देखी गई आग की लपटें**

**एनटीपीसी, सीएसईबी और बीसीपीपी के हैं बांध**



## भूमिपूजन व लोकार्पण में शामिल हुए उद्योग मंत्री व महापौर

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन दिया हमारी सरकार ने : देवांगन



भवन का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री व महापौर एवं अन्य अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दो वर्षों में हमारी सरकार ने प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन ने हम सबके सपने को पूरा किया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास होने के साथ-साथ गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा व समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर योजनाओं का लाभ लोगों को पहुंचाया गया है। हमारी सरकार जो कहती है, वह निश्चित रूप से करती भी है, हम खोखले वादे नहीं करते। उन्होने कहा कि जहाँ तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो कोरबा के सर्वांगीण विकास में कोई अवरोध कभी भी नहीं आने दिया जाएगा।

**खास बात**

- दर्री जोन में बनेंगे 28 आंगनबाड़ी भवन, जोन को मिली करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने दर्री जोन अंतर्गत वार्डों में विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के दर्री जोन के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 3 करोड रूपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली है। इसके तहत दर्री जोन में 28 नवीन आंगनबाड़ी भवन बनाए जाएंगे। नवनिर्मित सामुदायिक भवन व बस स्टाप को भी जनसेवा में समर्पित किया गया। वहीं बाउण्ड्रीवाल, मंच निर्माण व सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य हेतु भी भूमिपूजन किया गया। उद्योग मंत्री और एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नवनिर्मित विकास कार्यों का फीता काटकर व लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर जनताजनार्दन की सेवा में समर्पित किया। महापौर संजूदेवी राजपूत ने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन जब नगर निगम के महापौर थे, तो उन्होंने कोरबा के विकास के लिए ऐतिहासिक रूप से कार्य किया तथा कोरबा के विकास पुरूष की संज्ञा उन्हें प्राप्त हुई, आज भी उन्हीं के मार्गदर्शन में कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है। दर्री जोन के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 2 करोड़ 64 लाख रूपये की लागत से 28 नवीन आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, वार्ड क्र. 59 अंतर्गत नवधा पण्डाल के पास 15 लाख रुपए का बाउण्ड्रीवाल मंच निर्माण एवं सामुदायिक भवन मरम्मत का कार्य, एवं 9 लाख रूपये की लागत से बस स्टाप यात्री प्रतीक्षालय, कबीर भवन के पीछे साडा कालोनी दर्री में सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य किया गया।

## सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों के पेंशन में बढ़ोत्तरी की समीक्षा नहीं, आंदोलन का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल समेत कोल इंडिया की दूसरे सहयोगी कंपनियों के सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों के पेंशन में बढ़ोत्तरी के लिए नियमित अंतराल में समीक्षा नहीं कर रहे हैं। इसके विरोध में अगले महीने मार्च में आंदोलन किया जाएगा।

**खास बात**

- ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन ने कोयला पेंशनरों के लंबित मुद्दों को फिर से उठाएगी

ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन कोयला पेंशनरों के लंबित मुद्दे को फिर से उठाएगी। एसोसिएशन की नाराजगी कोल पेंशनरों के हित का सुझाव अमल में नहीं लाने को लेकर भी है। इस कारण कई कोल पेंशनरों को उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है और इन्हें 1 हजार से भी कम पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। सर्वाधिक कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया के सहयोगी कंपनियों से सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारियों को कोयला खान पेंशन योजना 1998 के तहत हर महीने पेंशन का लाभ मिलता है। नियमानुसार नियमित अंतराल में पेंशन की समीक्षा कर संशोधन किया जाना था। मगर 1998 के बाद से अभी तक किसी तरह की समीक्षा नहीं की गई है। इससे पेंशन बढ़ोत्तरी का लाभ कोल पेंशनरों को नहीं मिल रहा है। पूर्व में प्रतिनिधि मंडल के साथ सीएमपीएफओ के पेंशन बढ़ोत्तरी में निर्णय लेने अधिकारियों के साथ बैठक हुई। कोल पेंशनरों के हित से जुड़े मुद्दे पर 30 मार्च को एसोसिएशन की ओर से आंदोलन किया जाएगा। सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों के कल्याण को प्राथमिकता देने और पेंशन में बढ़ोत्तरी की प्रमुख मांग है। दूसरी ओर बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की चिंता पेंशन फंड में आक्क से ज्यादा निकासी को लेकर है। कम राशि पेंशन फंड को मिलते हैं। जबकि इससे ज्यादा की निकासी होती है। इसकी वजह सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या बढ़ना है। सेवानिवृत्त कर्मियों को लीज पर आवासीय कॉलोनी के मकान देने कोल इंडिया की आवास सब कमेटी का गठन जरूर किया गया लेकिन इस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। इससे सेवानिवृत्त कर्मियों को लीज पर आवास मिलने की सुविधा से भी वंचित हैं। आवासीय कॉलोनियों के मकान किराए या लीज एग्रीमेंट पर देने की योजना को अंतिम रूप देने ही डेढ़ साल पहले कमेटी गठित की गई। इसकी तीन बैठकें भी हुई। लेकिन इस पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेने से सेवानिवृत्त कर्मियों की उम्मीदें टूटने लगी है।

# ग्राम करुमौहा में विकसित भारत जी रामजी पर कार्यशाला संपन्न



कार्यशाला में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिला के निर्देशानुसार उरगा मंडल के ग्राम करुमौहा में विकसित भारत की राम जी पर कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक संजीव शर्मा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष किशन साव ने किया। इस अवसर पर अजय विश्वकर्मा ने विकसित भारत जी राम जी के महत्व, उद्देश्य एवं प्रमुख प्रावधानों को बताते हुए इसे एक नया ग्रामीण रोजगार कानून बताया। जो मनरेगा के स्थान पर लागू किया जाएगा। इस अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के अकुशल शारीरिक श्रम की कानूनी गारंटी प्रदान की जाएगी। साथ ही पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, जीपीएस आधारित निगरानी तथा एआई ऑडिट जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं को शामिल किया गया है। इस अवसर पर मण्डल के पूर्व महामंत्री मनोज धीरहे, महामंत्री पवन कंवर, उपाध्यक्ष गोवर्धन पटेल व श्रीमती पुष्पा कंवर, सलजा रंगारी, भुवनेश्वरी कंवर, अग्नि देवी, बीजू सिँह, मनोज कर्ष, कुमार कंवर, चुन्नीलाल पाटील, दिलीप कौशिक, दुर्गा जायसवाल, उत्तम भारद्वाज, अभिवरण यादव सहित पार्टी के कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भगवान भक्तो को बिना मांगे ही सब कुछ दे देते हैं : त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कथा सुनते हुए श्रद्धालु एवं इनसेट में आचार्य।

स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम केंदई में ब्रम्हलीन स्वामी शारदानंद सरस्वती महराज के पुण्य स्मृति कृपा प्रसाद स्वरूप व महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में आयोजित 45 वां विष्णु महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक राजपुरोहित आचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी महराज कटघोरा ने अपने व्यास पीठ से श्रोताओं को भगवान श्री कृष्ण व सुदामा चरित्र पर प्रवचन देते हुए बताया कि भगवान भक्तो को बिना मांगे ही सब कुछ देते हैं श्री कृष्ण से सुदामा ने कुछ भी नही मांगा किंतु प्रभु श्री कृष्ण ने उन्हें सब कुछ बिना मांगे ही सब कुछ देकर मित्रता का धर्म निभाया।

कथा में श्री चन्द्रहास त्रिपाठी जी ने सुदामा चरित्र पर कहा कि एक बार सुदामा अपनी गरीबी से काफी परेशान थे लोगो के घर घर जाकर गोकुल वासियो से भीख मांगकर लाते थे जितना मिलता था अपनी पत्नी को लाकर दे देते थे उसी से जीवन यापन किया करते थे एक दिन उनकी पत्नी सुदामा से कहती है कि हे स्वामी ऐसे में हमारा गृहस्थ जीवन कब तक चलेगा तुम अपने स्वामी द्वारिकाधीश से कुछ मांगते क्यो नही सुदामा कहते हैं कि वो ऐसा नही कर सकते मगर सुदामा की पत्नी सुदामा से काफी जिद करती है तब हार कर सुदामा अपने मित्र द्वारिकाधीश से मिलने द्वारिकाधीश जाने के लिए राजी हो जाते हैं द्वारिकाधीश पहुंचने पर सुदामा को द्वारपाल द्वार पर ही रोक देते हैं यह देख सुदामा द्वारपाल से कहते हैं कन्हैया मेरे कन्हैया देखो तुम्हारा लाखो में एक मित्र तुम्हारे द्वार पर तुम्हारा मित्र सुदामा आया है और वो द्वारपाल से कहते हैं कि वो श्री द्वारिकाधीश के परम मित्र हैं सुदामा की बात सुनकर द्वारपाल हंसने लगते हैं फिर भी द्वारपाल सुदामा को मिलने से रोक देते हैं मगर सुदामा कहते हैं कि वो अपने मित्र द्वारिकाधीश से बिना मीले नही जाएगा तभी एक द्वारपाल यह सब दृश्यों को देख रहा था तभी द्वारपाल वहां से जाकर द्वारिकाधीश को द्वार की सारी घटना के बारे में बताते हैं व कहते हैं कि द्वार पर कोई गरीब व्यक्ति आया हुआ है फ़टे पुराने कपड़े पहने हुए हैं व अपने आप को आपका मित्र व नाम अपना सुदामा बता रहा हैं यह सुन द्वारिकाधीश राजगद्दी से उठ नंगे पांव सुदामा सुदामा पुकारते हुए राजमहल के मुख्य द्वार की ओर जाने लगे तभी सारे सैनिक यह दृश्य देख काफी अचंभित रह जाते हैं प्रभु द्वारिकाधीश को सुदामा उनके द्वार पर ही खड़े हुए मिलते है श्री कृष्ण अपने मित्र को द्वार पर खड़ा देख उनसे गले लिपट जाते हैं और उन्हें अपने राजमहल में ले आते हैं व राज गद्दी में बैठाकर पत्नी रुक्मणि के साँथ मिलकर उनके पैरों में छाले जो आ गए थे उन्हें धीरे धीरे पोंछते हुए अपने आंखों से टपकते हुए आंसू से उनके चरण को धोते है यह दृश्य देखकर सुदामा अचंभित रह जाते हैं उसके पश्चात प्रभु सुदामा से द्वारिकाधीश आने का कारण जानने की कोशिश करते हैं मगर सुदामा हंस कर टाल देते हैं उन्हें अपनी गरीबी के बारे में बिना बताए ही जाने की अनुमति मांगते हैं प्रभु के द्वारा सुदामा से बार बार रुकने की बात कही जाती है मगर गोकुल जाने की जिद करते हैं व द्वारिकाधीश से चले जाते हैं व जाते जाते रास्ते मे सोचते हैं कि जिस उद्देश्य से मैं यहां आया था वह तो पूरा हुआ ही नही मैं घर जाकर अपनी पत्नी को क्या जवाब दूंगा मगर सुदामा जब घर पहुंचते हैं तो वो अपने झोपड़ी नुमा घर की जगह महल देखते हैं तो वह काफी प्रसन्न होते हैं और अपने प्रभु की लीला को समझ जाते हैं व उन्हें दिल से धन्यवाद कहते हैं और कहते हैं कि मेरे प्रभु बड़े ही दयालु है प्रभु ने मुझे बिना मांगे ही सब कुछ दे दिया इस अवसर पर नगर के सांथ बाहर से आये सभी श्रोतागणो ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया।

# मनरेगा के पुराने कार्यों को किया जा रहा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जीवन में आगे बढ़ने की इच्छा यदि दृढ़ हो, तो सीमित साधन भी विकास का मार्ग खोल देते हैं। ग्राम पंचायत कोनकोना, विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के निवासी और मनरेगा में रोज़ मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले हितग्राही श्री नारायण पिता श्री धर्मजीत की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है। छोटा व्यवसाय शुरू करने और गौपालन से आमदनी बढ़ाने का सपना उनके मन में था, पर साधनों की कमी उन्हें आगे कदम बढ़ाने से रोक रही थी।

इन्हीं चुनौतियों के बीच महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ,मनरेगा उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई। पंचायत से जानकारी मिली कि योजना के तहत पशुधन के लिए पक्का शेड निर्माण करवाया जा सकता है। नारायण की समस्या समझते हुए ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया और 77 हजार रुपये की लागत से पशु शेड निर्माण की स्वीकृति दी। निर्माण के दौरान नारायण और उनके परिवार के सदस्यों को मनरेगा के माध्यम से रोजगार भी मिला। इससे उन्हें दोहरा लाभ मिला, एक ओर पक्का पशु शेड, दूसरी ओर अतिरिक्त आमदनी।

पशुशेड बनने से पहले नारायण कई परेशानियों से जूझ रहे थे, बारिश, ठंड और गर्मी से पशुओं को सुरक्षित रखना भारी पड़ता था। खुले में बंधे पशु अक्सर इधर-उधर चले जाते थे। गीली और कच्ची ज़मीन पर रहने से पशु बार-बार बीमार पड़ते थे, जिससे इलाज पर भारी खर्च करना पड़ता था। इसके साथ ही विषैले जीवों के खतरे के कारण पशुओं की जान पर भी संकट मंडराता था। पक्का शेड बन जाने के बाद यह सभी समस्याएं खत्म हो गईं। अब पशु सुरक्षित हैं, बीमारियां कम हुई हैं, और देखभाल भी आसान हो गई है। हितग्राही नारायण का कहना है कि मनरेगा से बने पशु शेड ने हमारे जीवन में व्यवसाय के नए अवसर दिए हैं। अब हम ज्यादा गौपालन करके अच्छी आमदनी कमा रहे हैं। योजना ने हमारे परिवार को आर्थिक संबल दिया है। मनरेगा सिर्फ रोजगार नहीं देती, बल्कि ग्रामीणों के सपनों को भी हकीकत में बदलती है।

# जिपं सीईओ ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में आयोजित जनदर्शन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।

जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया गया तथा उनके शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। प्रशासन की प्राथमिकता रही कि प्रत्येक आवेदक को उसकी समस्या के समाधान का भरोसा मिले और सभी मामलों का नियमानुसार त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन में प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटाने, रोजगार, मुआवजा, राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि सीमांकन एवं बंटवारा, बेजा कब्जा, आंगनबाड़ी भवन मरम्मत सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरण प्रेषित कर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं, जनदर्शन में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन माध्यम से जन सुनवाई में सम्मिलित होंगे उपभोक्ता

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 के लिए बिजली दरों (टैरिफ) के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर बिलासपुर क्षेत्र (बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा एवं जीपीएम) के उपभोक्ताओं के लिए जन-सुनवाई आयोजित की जा रही है। सीएसईआरसी द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के विभिन्न उपभोक्ताओं को उक्त जनसुनवाई की प्रक्रिया में हिस्सा लेने हेतु क्षेत्रवार ऑनलाईन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य की बिजली कंपनियों (उत्पादन, पारेषण, वितरण एवं लोड डिस्पैच सेंटर) द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं पर आम जनता, किसान और उद्योगपति अपने सुझाव व आपत्तियाँ दर्ज करा सकते हैं। बिलासपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आयोग के रायपुर कार्यालय से सीधे जुड़ने के लिए 17 फरवरी को प्रातः 12 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बिलासपुर के तिफरा स्थित कार्यपालक निदेशक कार्यालय पर उपस्थित हो सकते हैं। याचिकाओं का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### मेले में गुम बालिका को पुलिस ने उसके परिजनों से मिलाया



**कोरबा।** बांगो शिव मंदिर में आयोजित मेले के दौरान उस वक्त हडक्रंप मच गया जब एक छोटी बच्ची अपने परिजनों से बिछड़ गई। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार माइक से समझाइश दी जा रही थी कि अभिभावक अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखें, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। वही ड्यूटी पर तैनात बांगो पुलिस की नजर रोती हुई बच्ची पर पड़ी, जिसके बाद उसे तत्काल अपनी सुरक्षा में लिया गया। पुलिस ने बच्ची से पूछताछ की, लेकिन वह घबराई हुई थी। उधर मेला समिति की ओर से साउंड सिस्टम के माध्यम से लगातार मुनादी कराई जाती रही। काफी समय तक परिजनों का पता नहीं चल पाया, जिससे चिंता बढ़ गई। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद घबराए हुए परिजन पुलिस तक पहुंचे। पुष्टि होने के बाद बच्ची को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया।

### सबजूनियर वालीबॉल नेशनल प्रतियोगिता 24 से, टीम रवाना



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ वालीबॉल एसोसिएशन द्वारा सबजूनियर वालीबॉल नेशनल में छत्तीसगढ़ की टीम भेजने के लिए सप्रे शाला मैदान में चयन प्रतियोगिता 15 फरवरी को आयोजित की गई। जिसमें 12 जिलों से बालक और 8 जिले से बालिकाओं की टीम पहुंची। इस ट्रॉयल में कवर्धा, दंतेवाड़ा, सरगुजा, कोरबा, कवर्धा, बलौदाबाजार, रायपुर जिला, दुर्ग, राजनांदगांव, बस्तर, साई रायपुर, भिलाई स्टील प्लांट, बेमेतरा और बिलासपुर की टीमें शामिल हुई। इस स्पर्धा में कोरबा बालक टीम ने बालोदबाज़ार से जीत कर अपना खेल कौशल दिखाया वही बालिकाओं ने भिलाई को पराजित कर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया। जिला एसोसिएशन के सचिव एवं छत्तीसगढ़ वालीबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सुशील गर्ग ने बताया कि 16 साल से कम उम्र की नेशनल स्पर्धा 24 फरवरी से 1 मार्च तक पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित की जाएगी। रायपुर में इनके प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा 20-20 खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिसमें कोरबा से बालक वर्ग में अंकित बंजारे का चयन हुआ है एवं बालिका वर्ग में रीतिका लहरे, हर्षु श्रीवास्तव, नव्या का चयन हुआ है कोच सुमित कुमार सिंह एवं देवेंद्र राजपूत के मार्गदर्शन से बच्चों ने अपना हुनर दिखाया सभी बच्चे प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए रायपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

# कोल उत्पादन ही नहीं उपभोक्ताओं को आपूर्ति सुनिश्चित करना उद्देश्य : दुहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## एसईसीएल मुख्यालय में कंज्यूमर मीट का हुआ आयोजन

अलग खबर

एसईसीएल गुणवत्ता सर्वोपरि के सिद्धांत पर कर रही है कार्य



एसईसीएल द्वारा एसईसीएल मुख्यालय में कोयला उपभोक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय एवं संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कंज़्यूमर मीट का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने की। इस दौरान निदेशक तकनीकी संचालन एन. फ्रैंकलिन जयकुमार एवं निदेशक तकनीकी, परियोजना एवं योजना रमेश चंद्र महापात्र उपस्थित रहे।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि टीम एसईसीएल अब गुणवत्ता सर्वोपरि के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एसईसीएल का उद्देश्य केवल अधिक कोयला उत्पादन नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता युक्त, भरोसेमंद और समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से खुलकर अपने सुझाव एवं विचार साझा करने का आह्वान किया और विश्वास दिलाया कि प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। श्री दुहन ने आश्वस्त किया कि गुणवत्ता नियंत्रण, पारदर्शिता, तकनीकी उन्नयन और बेहतर समन्वय के माध्यम से एसईसीएल उपभोक्ता संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा तथा उद्योगों की ऊर्जा आवश्यकताओं की विश्वसनीय पूर्ति के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने प्रोडक्शन विथ प्योरेटी डिस्पैच विथ क्वालिटी के मंत्र को दोहराते हुए कहा कि उत्पादन प्रक्रिया से लेकर डिस्पैच तक हर स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की संतुष्टि ही एसईसीएल की वास्तविक सफलता है। अजीत चौधरी द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रणाली, गुणवत्ता प्रबंधन तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपभोक्ताओं ने कोयले के मूल्य की वापसी, बैंक गारंटी, गुणवत्ता युक्त कोयले की आपूर्ति एवं अन्य परिचालन संबंधी विषयों पर प्रश्न एवं सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक गुणवत्ता संजीव निगम, महाप्रबंधक वित्त श्रीमती रोंटी बसु सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने किया पाली महोत्सव का शुभारंभ

# पाली महोत्सव क्षेत्रवासियों के गौरव और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक: लखनलाल



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।



दीप प्रज्जवलित करते शुभारंभ करते उद्योग मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज पूरा देश शिवमय वातावरण में डूबा हुआ है। चारों ओर भगवान शिव की भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। महाशिवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का भी अवसर है। ऐसे आयोजनों से कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को मंच मिलता है तथा स्थानीय स्तर पर सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। पाली का ऐतिहासिक शिव मंदिर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिला प्रशासन द्वारा हर्षोल्लास के साथ पाली महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है जिससे यहाँ की संस्कृति को अलग पहचान मिल रही है।

उक्त बातें कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्राम केराझरिया में आयोजित दो दिवसीय पाली महोत्सव का शुभारंभ अवसर पर कही। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए कामना की कि भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण करें, सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें तथा देश में सद्भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार बना रहे। सभी लोगों के घर परिवार सहित देश दुनिया के समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि आज पाली के शिव मंदिर घाट पर भव्य दीपदान का आयोजन किया गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर वातावरण को आलोकित किया। इसके साथ ही माँ गंगा की पावन आरती, भगवान शिव की दिव्य आरती तथा श्री राम आरती अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान भव्य आतिशबाज़ी ने पूरे परिसर को रोशनी और उत्साह से भर दिया। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति और भक्ति-भाव से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी जिलेवासियों को पाली महोत्सव की शुभकामनाएं दी है। पाली महोत्सव का आयोजन इस क्षेत्र के लोगों के गौरव से जुड़ा है। जिसे हमें अक्षुण्ण बना के आगे बढ़ना है। इसे भव्य रूप से मनाते हुए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया जाता है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत पाली अजय जायसवाल, सरपंच केराझरिया श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैकरा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग सहित अन्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।

### बॉलीवुड सिंगर्स की गीतों पर झूमे श्रोता

श्रोताओं ने ऐतिहासिक पाली शिव मंदिर की पावन छाया में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। मंच पर बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक सलमान अली, खुशबू ग्रेवाल, और मीत ब्रदर्स ने फिल्मी गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही महाशिव भक्त हंसराज रघुवंशी ने भगवान भोलेनाथ की आराधना से भक्तिमय माहौल बना दिया। श्रोताओं ने महोत्सव में प्रस्तुत विविध सांगीतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। बॉलीवुड सिंगर सलमान अली ने अपनी मधुर आवाज़ में देवा श्री गणेशा, तेरी दीवानी, सांसों की माला में सिमरू मैं पी का नाम, रश्के कमर और कजरा मोहब्बत वाला जैसे लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति में श्रोताओं ने झूमकर सहभागिता की और कई गीतों पर उन्होंने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। खुशबू ग्रेवाल और मीत ब्रदर्स ने हिंदी सिनेमा के अनेक गीतों की प्रस्तुति दी। उनके गीतों में भाव और तालमेल का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### सकारात्मक सोच से ही क्षेत्र का विकास

विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल ने कहा कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व पूरे क्षेत्र में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाता है। भगवान महादेव हमारे देश की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। यह पर्व हमें आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ सामाजिक एकता और समरसता का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि हम सभी की यह कामना है कि समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द बना रहे। सभी लोग परिवार की तरह मिल-जुलकर रहें और क्षेत्र के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाएँ। सामूहिक प्रयासों और सकारात्मक सोच से ही हमारा क्षेत्र, प्रदेश और देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।



कार्यवाही करती यातायात पुलिस की टीम।

# सड़कों पर गाड़ी पार्क करना पड़ा महंगा, पुलिस ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्र में कहीं भी वाहन खड़ा कर आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने लॉक (व्हील क्लैम्प) की कार्वाई की।

यह अभियान ट्रांसपोर्ट नगर चौक से पुराना बस स्टैंड तक चलाया गया, जहां सडक़ किनारे और नो-पार्किंग जोन में खड़ी कई दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर लॉक लगाकर जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों में हडक्रंप की स्थिति देखी गई। शहर के व्यस्ततम मार्गों में गाडिय़ों की मनमानी पार्किंग से रोजाना जाम की स्थिति बन रही थी। ट्रांसपोर्ट नगर चौक, पुराना बस स्टैंड और आसपास के व्यावसायिक क्षेत्रों में वाहन सडक़ के बीचों-बीच या फुटपाथ पर खड़े कर दिए जाते थे, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। यातायात सउनि मनोज राठौर ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों और बढ़ती अव्यवस्था को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियम तोड़ने वालों के वाहनों पर व्हील लॉक लगाकर चालान काटा गया। वहीं संबंधित वाहन मालिकों को जुर्माना अदा करने के बाद ही वाहन मुक्त किए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई केवल एक दिन की नहीं, बल्कि नियमित रूप से जारी रहेगी।

### सड़क किनारे लग रही नॉनवेज दुकानों से बढ़ी परेशानी

**कोरबा।** कुसमुंडा के कबीर चौक मेन रोड सहित कई स्थानों पर नियमों की अनदेखी कर खुलेआम सड़कों पर सब्जी मार्केट व नॉनवेज की बिक्री की जा रही है। इन दुकानों पर मांस को बिना ढंके रखे जाता है, जिन पर मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं। बताया जाता है कि एसईसीएल क्रमिक प्रबंधक के द्वारा उनकों नोटिस भी दिया गया है कि सड़क किनारे सब्जी व नॉनवेज की दुकाने न लगाई जाए। इसके बावजूद दुकान धड़ल्ले से लग रही है। साफ-सफाई के अभाव में तेज दुर्गंध उठ रही है। लोगों का कहना है कि दुकानदार सब्जी व मांस मछली के कचरे को सड़क पर ही फेंक देते हैं। जिससे उठने वाली बदबू से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने इस पर अविलंब कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मेन रोड से दुकानों को हटाने के लिए कई बार यूनियन नेता भी समिति की बैठक में मांग उठा चुके हैं, इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम कापा नवापारा (चोटिया) के जंगल रास्ते से शाम लगभग 5 बजे एक कार अम्बिकापुर की तरफ से आकर बिलासपुर जा रही थी। इसी दौरान चलती कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रुप लेने लगी और चालक ने अपनी सूझबूझ दिखाते हुए चलती गाड़ी से किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। जिसके बाद लहराती कार सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकरा गई और कार धूं धूं करकर खाक हो गई। हालांकि इस घटना व बचने के प्रयास में चालक के कपड़ों में आग लग गई थी जिसे बुझाकर खुद को सुरक्षित किया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने डायल 112 को दी। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और काबू किया गया। मोरगा चौकी प्रभारी मंगतू राम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



आग की चपेट में आयी कार।

# दो बाइक में भिंड़त मासूम सहित चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाईपास मुख्य मार्ग पर रविवार रात लगभग 8 बजे दो मोटर साइकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक पांच वर्षीय मासूम सहित चार लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाईपास स्थित श्रीवास भवन के पास घटना घटित हुई है। एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल बुधवारी की ओर से आ रही थी, जिस पर दो युवक सवार थे। वहीं दूसरी मोटर साइकिल टीपी नगर की ओर से आ रही थी, जिस पर पति-पत्नी और उनका एक मासूम बच्चा सवार था। दोनों मोटर साइकिल के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में पांच साल के मासूम बच्चे को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उसकी मां के सिर पर चोट लगी है। दूसरी मोटर साइकिल पर सवार दोनों युवकों को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मानिकपुर चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।




## खड़ी होगी धान शार्टेज की समस्या, भरपाई होगी समिति से

# समितियों में अभी भी उठाव का इंतजार, लाखों क्विंटल धान पड़ा है जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विपणन विभाग की लापरवाही के कारण धान उपार्जन केंद्रों के लिए नए डीओ जारी नहीं होने के कारण धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। जबकि विपणन विभाग ने 10 लाख क्विंटल का डीओ अन्य जिलों के लिए काटा गया है। जिसके कारण राइस मिलर्स कोरबा जिले के उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव करने की जगह अन्य जिलों से धान का उठाव कर रहे हैं। वहीं जिले के उपार्जन केंद्रों में अभी भी लाखों क्विंटल धान उठाव के इंतजार में पड़ा हुआ है।

धान उठाव के कार्य में बरती जा रही लापरवाही का परिणाम अब परेशानी का सबब बनता जा रहा है। प्रशासनिक उपेक्षा के परिणाम स्वरुप दूरस्थ क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों में धान उठाव के लिए किसी भी तरह के नए डीओ नहीं काटे गए हैं। स्थिति यह है कि जिन उपार्जन केंद्रों की दूरी 60 से 70 किलोमीटर दूर है वहां 20 हजार से 31 हजार तक के धान जाम पड़े हुए हैं। इन केंद्रों के लिए धान उठाव की प्रक्रिया पर रोक लगने के पूर्व जो डीओ काटे गए थे उनसे ही उठाव किया जा रहा है। इससे जाहिर होता है कि विपणन विभाग दूर के उपार्जन केंद्रों के लिए डीओ काटने में तत्परता नहीं दिखा रहा है। जैसे जैसे धान के जाम रहने का समय बढ़ता जाएगा वैसे वैसे धान में सूखत भी बढ़ती जाएगी और इस सूखत की भरपाई समिति को स्वयं करना होगा। नहीं करने की स्थिति में उनके प्रबंधकों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। इसको लेकर समिति के कर्मचारियों और प्रबंधकों में भय का वातावरण बना हुआ है। वहीं राइस मिलर्स अन्य जिलों के लिए काटे गए डीओ को लेकर बाहर के धान के उठाव पर ज्यादा तत्परता दिखाने के कारण जिले के उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव की रफ्तार तेजी नहीं पकड़ सकी है।



समितियों में रखा गया धान।

### समीक्षा बैठक में दिए जाते हैं उठाव के निर्देश

प्रशासन स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठक में धान के उठाव और सत्यापन के निर्देश दिए जाते हैं। इन निर्देशों के तहत धान का सत्यापन का कार्य तो तेजी से चल रहा है। दो स्तर पर बनाई गई टीमों के द्वारा उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर सत्यापन की कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन धान के उठाव की प्रक्रिया केवल निर्देश तक ही सीमित है। उठाव का काम रफ्तार नहीं पकड़ सका है।

